# शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी जिला धमतरी छ0ग0

## आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

### बैठक दिनांक 19.12.2019, गुरूवार

आज दिनांक 19.12.2019, दिन गुरूवार को महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आवश्यक बैठक महाविद्यालय के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. अमिताभ बैनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निम्नांकित सम्माननीय सदस्य गण उपस्थित रहे।

| | | | | | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | डॉ.अमिताभ बैनर्जी,प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख | – | (अध्यक्ष) | – | ........ |
| 02. | श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व), नगरी | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 03. | प्रो.राजकुमार राठौर | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 04. | प्रो.एम.के.शर्मा | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 05. | प्रो.जयेश करंजगांवकर | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 06. | प्रो.राजाराम मेहरा | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 07. | प्रो.एस.आर.दर्रो | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 08. | श्री डी.सी.खेलन | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 09. | श्री रविशंकर दुबे | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 10. | श्री भुषण साहू | – | (सदस्य) | – | ........ |
| 11. | श्री पी.के.राजन | – | (सदस्य) | – | ........ |

बैठक में महाविद्यालय की गुणवत्ता संबंधी चेतना को बनाए रखने एवं महत्वपूर्ण शैक्षणिक/अकादमिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया तथा महाविद्यालय के नैक प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। बैठक की सूचना एवं एजेंडा के अनुरूप निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अकादमिक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जाकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये :–

| क. | प्रस्ताव | निर्णय | पालन प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|
| 1 | सर्वप्रथम विगत आयोजित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की बैठक मे लिये गये प्रस्तावों एवं लिये गये निर्णयों का अनुमोदन प्राप्त करना । | अनुमोदित किया गया । | अनुमोदित |
| 2. | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) की विगत बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन एवं अनुमोदन करना । | अवलोकन उपरांत सर्वानुमति से अनुमोदित किया गया । | अनुमोदित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | महाविद्यालयीन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के सदस्य प्रो.डी.सी.खेलन की दिनांक 31.10.2018 को सेवानिवृत्ति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) के संयोजक डॉ.पी.एस.सोनसाठ के दिनांक 13.01.2019 को आकस्मिक देहावसान के उपरांत पूर्व मे गंठित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) का नए सिरे से पुनर्गठन करते हुए नये संयोजक के रुप में प्रो.मनोज कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य की नियुक्ति एवं सहसंयोजक के रुप में नैक प्रभारी प्रो.जयेश करंजगावंकर एवं प्रकोष्ठ के नये सदस्यों के रुप में प्रो. राजकुमार राठौर सहायक प्राध्यापक हिन्दी, प्रो.राजाराम मेहरा सहायक प्राध्यापक राजनीतिविज्ञान एवं प्रो.एस.आर.दर्रो सहायक प्राध्यापक भूगोल के मनोनयन करना । एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पालक प्रतिनिधि तथा महाविद्यालयीन जनभागीदारी प्रबंधन समिति से प्रतिनिधि के रुप में नए सदस्यों को विधिवत मनोनीत करना | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) का नए सिरे से पुनर्गठन करते हुए अनुशंसित नवीन सूची का उपस्थित सभी सदस्यों ने अनुमोदन एवं अभिस्वीकृति प्रदान की । | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC) का नए सिरे से पुनर्गठन करते हुए सत्र 2019–20 से 02 वर्षो के लिए अनुशंसित नवीन सूची का उपस्थित सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया जाकर एवं अभिस्वीकृति उपरांत संबंधित विभाग एवं राज्य प्रकोष्ठ को सुची प्रेषित किए जाने का कार्य पुर्ण । |
| 4 | महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक मुल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय व्दारा की जा रही तैयारियों पर चर्चा एवं उपस्थित सदस्यों को जानकारी से अवगत कराया जाना। | प्राचार्य महोदय व्दारा उपस्थित सदस्यों को महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक मुल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय व्दारा की जा रही तैयारियों की जानकारी प्रदान की गई । | पूर्ण । |
| 5 | महाविद्यालय में विचार गोष्ठीयों एवं व्याख्यान मालाओं के आयोजन के संबंध मे जानकारी । | नैक प्रभारी व्दारा विगत दिनों आयोजित की गई गोष्ठीयों एवं व्याख्यान माला की जानकारी साझा की गई । | पूर्ण । |
| 6 | महाविद्यालय में प्रस्तावित भूतपुर्व छात्र अधिवेशन एवं शिक्षक –अभिभावक बैठक के आयोजन संबध में चर्चा । | उपस्थित सदस्यों को दिनांक 17.12.2019 को संपन्नशिक्षक –अभिभावक बैठक के सफल आयोजन संबध में जानकारी दी । | शिक्षक –अभिभावक बैठक का आयोजन पूर्ण एवं भूतपुर्व छात्र अधिवेशन माह जनवरी–फरवरी में प्रस्तावित है । |
| 7 | महाविद्यालय के प्रस्तावित नैक मुल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई एवं रंग–रोगन तथा दीवार लेखन कराए जाने पर चर्चा । | चर्चा उपरांत सदस्यों व्दारामहाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई एवं रंग–रोगन तथा दीवार लेखन कराए जाने हेतु संबंधित लो.नि.वि. से संपर्क कर कार्य पूर्ण करने हेतु सुझाव दिया । | लो.नि.वि. से संपर्क कर कार्य पूर्ण किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है ।एवं शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है । |
| 8 | महाविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के परिपालन, आंतरिक परिक्षाओं के समय पर आयोजन, एवं छात्र –छात्राओं की नियमित उपस्थिति के संबंध में उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा । | प्रस्तावित गतिविधियों का समय समय पर नियमित अवलोकन एवं अनुपालन सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया गया । | महाविद्यालय में प्रत्येक विभागाध्यक्ष को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरुप पाठ्यक्रम योजना के अब तक की पूर्णता एवं आगामी महीनों की कार्ययोजना तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | महाविद्यालय का शैक्षणिक अंकेक्षण (Academic Audit), ग्रीन आडिट वन विभाग के सहयोग से एवं प्रस्ताव पर उर्जा विभाग के सहयोग से महाविद्यालय का एनर्जी आडिट कराए जाने चर्चा के । | बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक अंकेक्षण हेतु विषय विशेषज्ञों की सेवा लिए जाने हेतु एवं ग्रीन आडिट वन विभाग के सहयोग से एवं उर्जा विभाग के सहयोग से महाविद्यालय का एनर्जी आडिट कराए जाने हेतु निर्णय लिया गया। | महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापको की समिति को उक्त कार्य को नैक मुल्यांकन के पूर्व पूर्णता प्रदान किए जाने हेतु दायित्व सौंपा गया । |
| 10 | महाविद्यालय के नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन हेतु पावर बैकअप क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर विचार । | नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन हेतु पावर बैकअप क्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई । | महाविद्यालय के प्राचार्य एव क्रय समिति के समक्ष शीघ्र उक्त कार्य की पूर्णता हेतु कार्ययोजना तैयार की जाएगी । |
| 11 | महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओ को महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रसारण की जानकारी यथासमय उपलब्ध कराने हेतु electronic display board एवं Public Announcement system के संस्थापन के प्रस्ताव पर विचार ।<br>2. | उपर्युक्त प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई । | प्रकियाधीन । |
| 12 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय :–<br><br>1.उपस्थित सदस्यों मे से श्री पी.के.राजन जी ने प्रस्ताव रखा कि महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के लेखन प्रतिभा को सामने लाने हेतु महाविद्यालय व्दारा वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन सुनिश्चित किया जावे इसके साथ ही प्रतिदिन /पाक्षिक समाचारो के प्रकाशन हेतु भित्ती पत्रिका /अखबार निकाला जावे ।<br><br>2.बैठक मे से माननीय सदस्य मे से नैक प्रभारी प्रो. जयेश करंजगांवकर ने महाविद्यालय के वाई –फाई राउटर के एक्सटेंडर क्रय का प्रस्ताव रखा ताकि इसके क्षेत्र में विकास हो सके । | उपरोक्त प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में शीघ्र भित्ति पत्रिका एवं महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गई ।<br><br>प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई । | प्रकियाधीन । |

अंत में बैठक में उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यगणों ने उपरोक्त प्रस्तावों एवं संपादित गतिविधियों पर गंभीरता पूर्वक विचार–विमर्श कर उनके परिपालन किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की पूर्व बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया तथा उन्हे पारित किया गया। अंत में बैठक के अध्यक्ष माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सम्माननीय सदस्यगणों का आभार ज्ञापित किया बैठक के विधिवत् समापन की घोषणा की ।

प्रो. मनोज कुमार शर्मा
संयोजक,
NAAC

डॉ. अमिताभ बैनर्जी
प्राचार्य,
[illegible] महाविद्यालय
नगरी. (छ.ग.)